संख्या-14/2026/ 823/42-01013-2-2025 N

प्रेषक,

कुमार विनीत,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक-26.09.2026**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व पक्ष के अंतर्गत प्राविधानित धनराशि निदेशक, खेल के निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-I/530924/2026/बजट/2026-27, दिनांक 01.04.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व पक्ष के अंतर्गत प्राविधानित बजट धनराशि अनुदान संख्या-22 के लेखाशीर्षकों के अंतर्गत विभिन्न मदों के लिए धनराशि रू0 11,73,15,000/- (रूपये ग्यारह करोड़ तिहत्तर लाख पन्द्रह हजार मात्र) निम्नवत् विवरण के अनुसार श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन निदेशक, खेल के निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों</u>

(1) उक्त स्वीकृत धनराशि प्रवेशन मात्र है, यह किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त-पुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार / केन्द्र सरकार तथा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(2) शासकीय व्यय में मितव्ययिता हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-सीए-934/10-2004-मित-1/2007, दिनांक 02 सितम्बर, 2008 का विशेष रूप से पालन किया जाये।

(3) जिन मदों में निदेशालय के नियंत्रक अधिकारी स्वयं अपने स्तर से धनराशि स्वीकृत करने के लिए अधिकृत हैं, उन स्वीकृतियों से सम्बन्धित आदेशों की प्रति शासन को अनिवार्य रूप से पृष्ठांकित करके उपलब्ध करायी जायेगी तथा व्यय के वास्तविक विवरण भी माह के 10 तारीख तक शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराया जायेगा।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28 मार्च, 2026 में निहित प्रावधानों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(5) निदेशक, खेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में सैयद मोदी मेमोरियल आल इण्डिया प्राइजमनी बैडमिन्टन कम्पटीशन हेतु स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र का परीक्षण अपने स्तर से करते हुए धनराशि नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु सम्बन्धित को उपलब्ध करायी जायेगी। निदेशक, खेल द्वारा सैयद मोदी प्रतियोगिता आयोजन हेतु धनराशि का भुगतान हेतु शासन को पृथक से स्वीकृति प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाएगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय

लेखाशीर्ष: 2204001040500 (भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों तथा पहलवानों को वित्तीय सहायता-)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001040500 भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों तथा पहलवानों को वित्तीय सहायता-	20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन)	3,00,00,000 (रुपये तीन करोड़ मात्र)
कुल			**3,00,00,000 (रुपये तीन करोड़ मात्र)**

लेखाशीर्ष: 2204001041500 (उ0 प्र0 खेल विकास कोष)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001041500 उ0 प्र0 खेल विकास कोष	42 अन्य व्यय	3,48,15,000 (रूपये तीन करोड़ अड़तालीस लाख पन्द्रह हजार मात्र)
कुल			**3,48,15,000** **(रूपये तीन करोड़ अड़तालीस लाख पन्द्रह हजार मात्र)**

लेखाशीर्ष: 2204001041600 (प्रत्येक क्रीड़ांगन में एक फिजियोथेरेपी केन्द्र की स्थापना)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001041600 प्रत्येक क्रीड़ांगन में एक फिजियोथेरेपी केन्द्र की स्थापना	42 अन्य व्यय	1,50,00,000 (रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र)
कुल			**1,50,00,000** **(रुपये एक करोड़ पचास**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

			लाख मात्र)

लेखाशीर्ष: 2204001042100 (राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के खिलाड़ियों हेतु किट की व्यवस्था-)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001042100 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के खिलाड़ियों हेतु किट की व्यवस्था-	20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन)	75,00,000 (रुपये पचहत्तर लाख मात्र)
कुल			**75,00,000 (रुपये पचहत्तर लाख मात्र)**

लेखाशीर्ष: 2204001042900 (राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001042900 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन	20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन)	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
कुल			**1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)**

लेखाशीर्ष: 2204001043500 (सैयद मोदी मेमोरियल आल इण्डिया प्राइजमनी बैडमिन्टन कम्पटीशन हेतु सहायता)

अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
022	2204001043500 सैयद मोदी मेमोरियल आल इण्डिया प्राइजमनी बैडमिन्टन कम्पटीशन हेतु सहायता	20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन)	2,00,00,000 (रुपये दो करोड़ मात्र)
कुल			**2,00,00,000 (रुपये दो करोड़ मात्र)**

http://shasanadesh.up.gov.in

महायोग 11,73,15,000/- (रुपये ग्यारह करोड़ तिहत्तर लाख पन्द्रह हजार मात्र) के नामे डाला जायेगा।

3 - यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में शासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
कुमार विनीत
विशेष सचिव।

संख्या-14/2026/ 823/42-01013-2-2025 N, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ० प्र० प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ० प्र० प्रयागराज।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5, उ० प्र० शासन।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ 2, उ० प्र० शासन।
6- गार्ड फाइल / कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,
कुमार विनीत
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।